University in News on 14 June 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 1, 7

फारसी की विद्वान पद्मश्री आसिफा जमानी का निधन

माई सिटी रिपोर्टर

उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की चेयरमैन भी रहीं, दो दर्जन से ज्यादा किताबें लिखीं

लखनऊ विवि में फारसी विभाग के अध्यक्ष का पद भी संभाला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की पूर्व चेयरमैन पद्मश्री आसिफा जमानी का शुक्रवार को लंबी बीमारी के बाद 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शहर के गोमतीनगर स्थित घर में उन्होंने अंतिम सांस ली। ऐशबाग कब्रिस्तान में शनिवार को उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। अपनी दिलकश आवाज के जरिये आसिफा जमानी ने करीब चार दशक तक आकाशवाणी को एक से बढ़कर एक कई यादगार कार्यक्रमों की सौगातें दीं। वे आकाशवाणी की ए ग्रेड कलाकार रहीं।

बेहतरीन लेखिका और शायर भी थीं : 22 मार्च 1945 को लखनऊ में जन्मीं आसिफा जमानी का निकाह वकील एजाज रिजवी से हुआ था। बाद में एजाज राजनीति में सक्रिय हुए और दो बार उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे। शौहर की पहल पर उन्होंने अपनी शिक्षा को शादी के बाद भी जारी रखा। फारसी भाषा में डीलिट की उपाधि उन्हें मिली थी। इसके बाद वह लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाने लगीं। यहीं पर वो फारसी भाषा की विभागाध्यक्ष बनीं। वह फारसी की अच्छी जानकार होने के साथ ही बेहतरीन लेखिका भी थीं। उन्होंने दो दर्जन से ज्यादा किताबें लिखीं। शायरी में भी उन्हें महारत हासिल थी।

ईरान के प्रतिष्ठित पुरस्कार से भी नवाजी गईं : वर्ष 2004 में उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पहले 1999 में उन्हें राष्ट्रपति के हाथों भारत गौरव अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। ईरान सरकार ने भी उन्हें अपने यहां के प्रतिष्ठित पुरस्कार जाएजा-ए-सदी से नवाजा था। आसिफा जमानी की उर्दू और फारसी में उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए वर्ष 2018 में उन्हें उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी का चेयरमैन बनाया गया।



आसिफा जमानी अपने पति एजाज रिजवी के साथ। फाइल फोटो

आज किया जाएगा सुपुर्द-ए-खाक

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. शीमा रिजवी उनकी बेटी थीं। बुजुर्ग होने के बावजूद आसिफा काफी समय तक अभावग्रस्त युवतियों को पढ़ाने-लिखाने के लिए अभियान चलाती रहीं। उनके बेटे आसिफ जमां रिजवी ने बताया कि शनिवार को सुबह नौ बजे गोमतीनगर स्थित घर से उनका जनाजा निकलेगा। ऐशबाग स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

लविवि और संबद्ध महाविद्यालयों में 51 हजार छात्र एक साथ करेंगे योग

लखनऊ विश्वविद्यालय में योग दिवस पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की समीक्षा बैठक। स्रोत: विवि

संवाद न्यूज एजेंसी

दावा : वैश्विक स्तर पर दर्ज होगा कीर्तिमान समीक्षा बैठक में कुलपति ने दिए निर्देश

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के 51 हजार विद्यार्थी एक साथ योग करेंगे। कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवक, शोध छात्र, हॉस्टल में रहने वाले छात्र एवं विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक के छात्रों की सहभागिता होगी।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को योगाभ्यास कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें सभी संबद्ध जिलों हरदोई, लखीमपुर, लखनऊ, सीतापुर व रायबरेली के महाविद्यालयों के प्राचार्य ऑनलाइन जुड़े।

कुलपति ने निर्देश दिए कि योग दिवस के कार्यक्रम को रिकॉर्ड करके जियो टैग वाली पांच तस्वीरों और 30 सेकंड का वीडियो विवि के लिंक पर अपलोड करना होगा। योग दिवस पर इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का योगभ्यास वैश्विक कीर्तिमान के रूप में दर्ज होगा।

योग दिवस के कार्यक्रमों की तैयारियों को परखने के लिए विवि के अधिकारी और कार्यक्रम प्रभारी संबद्ध जिलों का दौरा करेंगे। 17, 18 व 19 जून को विवि के नवीन परिसर में योग का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में प्रति कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर वी के शर्मा, कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप सिंह, डीन योग प्रोफेसर अशोक सोनकर, डीन रिसर्च प्रोफेसर एम एम वर्मा, कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, डीन सीडीसी प्रोफेसर अवधेश कुमार और एनसीसी के अधिकारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉक्टर अमरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया शैक्षिक कैलेंडर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर शुक्रवार को अपना शैक्षिक कैलेंडर जारी किया। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने कुलपति के आदेश के अनुमोदन के बाद इसका पत्र जारी कर दिया। शैक्षिक कैलेंडर 2025-26 विवि को 24 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर लेनी होगी। 26 जुलाई से नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों की कक्षाएं शुरू होंगी। 1 नवंबर तक छात्रों का शिक्षण कार्य समाप्त हो जाएगा और 11 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच सेमेस्टर परीक्षाएं करानी होंगी। 21 दिसंबर से 5 जनवरी के बीत शीतकालीन अवकाश घोषित होगा। 5 जनवरी से सम सेमेस्टर की शुरूआत होगी। जो 15 जून तक चलेगा इसमें परीक्षाएं एवं उनके परिणाम घोषित करना शामिल होगा। शैक्षिक कैलेंडर विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। (संवाद)

लविवि में तीन कोर्स के परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को सम सेमेस्टर परीक्षाओं के क्रम में तीन कोर्स के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी करके परिणाम जारी होने की सूचना दी। जिन कोर्स के परिणाम जारी हुए उसमें आचार्य दूसरे सेमेस्टर, शास्त्री चौथे सेमेस्टर और बीकॉम एनईपी चौथे सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 का शैक्षिक कैलेंडर जारी किया

एलयू: प्रैक्टिकल परीक्षाओं का प्रसारण यूट्यूब पर होगा

सख्ती

24 जुलाई तक पूरी होगी स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश प्रक्रिया

- एलयू से संबद्ध सभी कॉलेज अपना यूट्यूब चैनल बनाएंगे
- प्रयोगात्मक परीक्षाओं में दिए सख्ती बढ़ाने के निर्देश

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों की प्रायोगिक परीक्षाओं में गड़बड़ी नहीं की जा सकेगी। मनमाने ढंग से प्रायोगिक परीक्षाओं पर शिकंजा कसा जाएगा। सभी कॉलेजों की प्रायोगिक परीक्षाओं की यूट्यूब चैनल के जरिए लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। हर कॉलेज अपने यूट्यूब चैनल पर अनिवार्य रूप से सजीव प्रसारण करेगा। सभी कॉलेज अपने यूट्यूब चैनल को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। सभी कॉलेज अपना यूट्यूब चैनल बनाएंगे और गतिविधियों को अपलोड करेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय व डिग्री कॉलेजों के नए शैक्षिक सत्र 2025-26 का शैक्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। जिसमें प्रयोगात्मक परीक्षाओं में सख्ती बढ़ाने के निर्देश हैं। 24 जुलाई तक सभी स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया को पूरी की जाएंगी। 26 जुलाई से 30 जुलाई के बीच नए छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम कक्षाओं से पहले एवं बाद में आयोजित किए जाएंगे। कुलपति के आदेश पर कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने लवि एवं लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी के सहयुक्त सभी कालेजों को इसकी सूचना जारी की है।

खाली सीटों पर प्रवेश की अनुमति : जारी निर्देश के अनुसार यदि सीयूईटी आदि परीक्षाओं के परिणाम की वजह से अभ्यर्थी प्रवेश नहीं ले पाता है। ऐसे अभ्यर्थियों के लिए साक्ष्य के आधार पर सीटें खाली होने की स्थिति में प्रवेश की अनुमति विश्वविद्यालय दे सकता है। उनका छूटा हुआ शिक्षण कार्य अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पूरा कराना होगा। जानकारी दी जाएगी। वहीं सीयूईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं के कारण अगर किसी विद्यार्थी के प्रवेश में देरी होती है तो उसे साक्ष्यों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। छूटा कोर्स अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पूरा किया जाएगा। अगर किसी भी विश्वविद्यालय में समय पर प्रवेश न हुए तो उसके कुलसचिव की जिम्मेदारी तय कर प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी।

जबकि परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी होगी कि परीक्षाएं ऐसे हों कि डिग्री कॉलेजों की पढ़ाई प्रभावित न हो। एग्जाम विंडो-वन व एग्जाम विंडो टू के अतिरिक्त परीक्षाएं संचालित हुईं तो सी ओई को भी प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। सतत मूल्यांकन के नाम पर मिड टर्म परीक्षाएं व अन्य परीक्षाएं नहीं होंगी। शिक्षक पूरे साल छात्रों का मूल्यांकन करेंगे। नव प्रवेशित छात्रों की 31 मार्च 2026 तक पढ़ाई पूरी करानी होगी।

51 हजार विद्यार्थी योग कर बनाएंगे कीर्तिमान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विवि और संबद्ध महाविद्यालयों के 51 हजार छात्र एक साथ मिलकर योग करेंगे। योग दिवस पर इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का योगभ्यास वैश्विक कीर्तिमान के रूप में दर्ज होगा। जानकारी के अनुसार इसमें एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक, शोध छात्र और छात्रावास के अलावा स्नातक व परास्नातक छात्रों की भी सहभागिता होगी।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

योग दिवस : लविवि में 51 हजार प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित

कुलपति ने प्रशासनिक भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर पुनः समीक्षा बैठक की

लखनऊ (एसएनबी)। राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति लविवि श्रीमती आनंदी बेन पटेल के निर्देशानुसार कुलपति लविवि प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को प्रशासनिक भवन के मंथन कक्ष में 21 जून 2025 को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर पुनः समीक्षा बैठक की।

इस बैठक में कुलपति ने कहा कि राजभवन से लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए योग दिवस पर 51000 प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की गई है। कुलपति ने कहा कि इसमें एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवक, शोध छात्र, हॉस्टल में रहने वाले छात्र एवं विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कुलपति ने कहा कि राजभवन से लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय व संकायाध्यक्ष प्रो एके सिंह ने आकांक्षा को बधाई दी।

इस दौरान कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता आकांक्षा की लगन, परिश्रम एवं संकाय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। इस दौरान प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि आकांक्षा सिंह का भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर चयन शॉर्ट सर्विस कमीशन के अंतर्गत हुआ है, जिसके तहत वह इलेक्ट्रिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। उन्हें लगभग 13 लाख वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति मिली है।

इसी क्रम में कुलपति ने बताया कि 17, 18 और 19 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित योग संकाय में एक ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक आकर विभिन्न योगासनों की जानकारी कर सकते हैं और अपने-अपने महाविद्यालय में 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार और योग के विभिन्न आसनों का संचालन करेंगे। कुलपति ने बैठक में सभी को प्रेरित किया कि इस विश्व रिकॉर्ड को पूर्ण करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय को निर्धारित 51000 की संख्या से कहीं अधिक हम लोगों की भागीदारी रहेगी। बैठक के बाद गुजरात के अहमदाबाद में हुए वायुयान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट पद पर आकांक्षा चयनित

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की बी.टेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) 2024 बैच की छात्रा आकांक्षा सिंह का चयन भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय व संकायाध्यक्ष प्रो एके सिंह ने आकांक्षा को बधाई दी।

इस दौरान कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता आकांक्षा की लगन, परिश्रम एवं संकाय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। इस दौरान प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि आकांक्षा सिंह का भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर चयन शॉर्ट सर्विस कमीशन के अंतर्गत हुआ है, जिसके तहत वह इलेक्ट्रिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। उन्हें लगभग 13 लाख वार्षिक पैकेज पर नियुक्ति मिली है।

कुलपति व संकायाध्यक्ष ने दी बधाई

AMRIT VICHAR PAGE 4, 8

बीटेक छात्रा आकांक्षा सिंह भारतीय नौसेना में चयनित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की बीटेक (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) 2024 बैच की छात्रा आकांक्षा सिंह का चयन भारतीय नौसेना में सबलेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने आकांक्षा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. हिमांशु पांडेय ने जानकारी दी कि आकांक्षा सिंह का भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर चयन शॉर्ट सर्विस कमीशन के अंतर्गत हुआ है, जिसके तहत वह इलेक्ट्रिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी।

लविवि कुलपति ने की योग दिवस की तैयारी की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, अधिकारी भी ऑनलाइन मोड में जुड़े
- अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

अमृत विचार : 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले आयोजनों की लविवि में कुलपति की अध्यक्षता में समीक्षा की गई। कुलपति ने कहा कि इसमें एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवक, शोध छात्र, हॉस्टल में रहने वाले छात्र एवं विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, अधिकारी भी ऑनलाइन मोड में जुड़े हुए थे। राजभवन से लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए योग दिवस पर 51000 प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की गई है।

बैठक के बाद लखनऊ में स्थित कुछ महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने सहभागिता की। कुलपति ने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम को रिकॉर्ड करके जियो टैग युक्त पांच फोटो और 30 सेकंड का वीडियो लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए लिंक पर अपलोड किए जाएंगे। राजभवन से लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए योग दिवस पर 51000 प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के कुछ महाविद्यालयों में प्रति कुलपति, कुलसचिव, डीन सीडीसी, डीन एकेडमिक्स समीक्षा भी करेंगे। कुलपति ने बताया कि 17, 18 और 19 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित योग संकाय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक योगासनों की जानकारी कर सकते हैं। अपने महाविद्यालय में 21 जून को सूर्य नमस्कार और योग के विभिन्न आसनों का संचालन करेंगे। बैठक की समाप्ति पर गुजरात के अहमदाबाद में हुए वायुयान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

JAGRAN CITY PAGE III

बुजुर्गों से संवाद ही सम्मान की पहली सीढ़ी

जासं • लखनऊ : हमसे कहा जाता है, पूछा नहीं जाता...। बुजुर्गों की यह टिप्पणी सिर्फ एक पीढ़ी की वेदना नहीं, बल्कि आज के समाज के भीतर बढ़ती भावनात्मक दूरी की गूंज है। वरिष्ठ नागरिकों के प्रति दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर हेल्पएज इंडिया की ओर से जारी की गई रिपोर्ट 'पीढ़ियों के बीच संबंधों और उम्र बढ़ने को लेकर धारणाएं समझना' ने बताया गया कि बुजुर्गों को आज भी सम्मान तो प्राप्त है, लेकिन उनके विचारों को बहुत कम सुना जाता है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग में स्थित राधा कमल मुकर्जी सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने कहा, वर्तमान समय में पीढ़ियों के बीच संवाद आपसी समझ और सौहार्द का सबसे बड़ा माध्यम है। युवाओं से कहा कि वे बुजुर्गों के अनुभवों को समझें, उनसे जुड़ें और बुजुर्गों से भी कहा कि वे नई पीढ़ी से संवाद बनाए रखें। हेल्पएज इंडिया के राज्य प्रमुख अनूप पंत ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा 86 प्रतिशत बुजुर्ग स्वयं को परिवार में मूल्यवान मानते हैं, लेकिन इसके बावजूद भावनात्मक दूरी अब भी एक बड़ी सच्चाई है।

हेल्पएज इंडिया की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में आए बुजुर्ग • जागरण

कार्यक्रम में पीढ़ियों की समझ पर आधारित रिपोर्ट का विमोचन करते प्रमुख सचिव समाज कल्याण एल वेंकटेश्वर लू, पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, वरिष्ठ नागरिक मंचसमिति के अध्यक्ष श्यामपाल सिंह, लवि सामाजिक विभाग के प्रो. राकेश द्विवेदी व अन्य • जागरण

रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष

- युवा बुजुर्गों को अकेला, निर्भर, लेकिन साथ ही ज्ञानी और सम्मानित भी मानते हैं।
- संयुक्त परिवार में रहने वाले युवाओं का दादा-दादी से गहरा भावनात्मक जुड़ाव होता है।
- केवल 13 प्रतिशत बुजुर्ग ही इंटरनेट या सामाजिक संजाल का उपयोग करते हैं।
- 54 प्रतिशत युवा अपने माता-पिता अथवा दादा-दादी को डिजिटल उपकरणों का प्रयोग सिखाते हैं।
- 88 प्रतिशत युवा मानते हैं कि वे वृद्धावस्था में अपने परिवार के साथ रहना चाहेंगे।
- हेल्पएज इंडिया ने सुझाव दिया कि विद्यालयों में आयु के प्रति संवेदनशीलता को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।
- युवा पीढ़ी के माध्यम से बुजुर्गों को डिजिटल से जोड़ा जाए।

लवि के सामाजिक कार्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा, विभाग और हेल्पएज इंडिया मिलकर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक महासमिति के अध्यक्ष श्याम पाल सिंह पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह, राज्य मद्यनिषेध अधिकारी आर. एल. राजवंशी भी मौजूद थे।

छात्रा आकांक्षा बनी नौ सेना में सब लेफ्टिनेंट

लवि की पूर्व छात्रा आकांक्षा सिंह • स्वयं

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय की बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 2024 बैच की छात्रा आकांक्षा सिंह का चयन भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ है। अयोध्या के बड़ी देव काली इलाके में मूल रूप से रहने वाली आकांक्षा को यह सफलता तीसरे प्रयास में मिली। वह बताती हैं कि पापा पवन कुमार सिंह आर्मी में थे। लवि से 2024 में बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग किया। स्पोर्ट्स खासकर कबड्डी में रुचि थी। इसमें आर्मी के साउथ वेस्टर्न कमांड जयपुर से एक्सीलेंसी अवार्ड भी मिला है। मम्मी मंजू लता सिंह गृहिणी हैं।

इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने आकांक्षा को बधाई देते हुए भविष्य की कामना की।

योग दिवस पर लवि को मिला 51000 प्रतिभागियों का लक्ष्य

जागरण संवाददाता • लखनऊ: राजभवन ने लखनऊ विश्वविद्यालय में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए 51000 प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को तैयारी की पुन : समीक्षा कर कार्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवक, शोध छात्र, हास्टल में रहने वाले छात्र एवं विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर पढ़ने वाले छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक भवन के मंथन कक्ष में हुई बैठक में कुलपति ने उपस्थित हितधारकों को प्रतिभागियों की संख्या सुनिश्चित करने के लिए कहा।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि योग दिवस के कार्यक्रम को रिकार्ड करके जियो टैग युक्त पांच फोटो और 30 सेकंड का वीडियो लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से जारी किए गए लिंक पर अपलोड किए जाएंगे। आने वाले दिनों में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध पांच जिलों के कुछ महाविद्यालयों में प्रति कुलपति, कुलसचिव, डीन सीडीसी, डीन एकेडमिक्स अलग अलग जाकर 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तैयारी की समीक्षा भी करेंगे।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने तैयारियों को लेकर बैठक की • सौजन्य से लवि

राजभवन ने विश्वविद्यालय के लिए तय की संख्या, कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बैठक कर जारी किए निर्देश

17 से 19 तक होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम : आगामी 17, 18 और 19 जून को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित योग संकाय में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक आकर विभिन्न योगासनों की जानकारी कर सकते हैं। अपने-अपने महाविद्यालय में 21 जून को योग दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार और योग के विभिन्न आसनों का संचालन करेंगे। कुलपति न सभी को प्रेरित किया कि इस विश्व रिकार्ड को पूरा करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय को निर्धारित 51000 की संख्या से कहीं अधिक हम लोगों की भागीदारी रहेगी। बैठक के बाद गुजरात के अहमदाबाद में हुए वायुयान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

नगर की महत्वपूर्ण खबरें

www.jagran.com पर पढ़ें

लवि : 24 जुलाई तक प्रवेश, 26 से पढ़ाई

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया नए सत्र 2025-26 का एकेडमिक कैलेंडर

जागरण संवाददाता • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को नए सत्र 2025-26 का एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया। इसके तहत प्रथम सेमेस्टर में दाखिले 24 जुलाई तक लिए जाएंगे। 26 जुलाई से नव प्रवेशित विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू होगी। 26 से 30 जुलाई के बीच नए छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम कक्षाओं से पहले एवं बाद में आयोजित किए जाएंगे। कुलपति के आदेश पर कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने लवि एवं लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी के सहयुक्त सभी कालेजों को इसकी सूचना जारी की है।

खाली सीटों पर प्रवेश की अनुमति : जारी निर्देश के अनुसार यदि सीयूईटी आदि परीक्षाओं के परिणाम की वजह से अभ्यर्थी प्रवेश नहीं ले पाता है। ऐसे अभ्यर्थियों के लिए साक्ष्य के आधार पर सीटें खाली होने की स्थिति में प्रवेश की अनुमति विश्वविद्यालय दे सकता है। उनका छूटा हुआ शिक्षण कार्य अतिरिक्त कक्षाएं लेकर पूरा कराना होगा।

सेमेस्टर वार समय सारिणी

प्रथम सेमेस्टर

- शिक्षण कार्य पूरा होना - एक नवंबर
- प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी होने की तिथि : 10 नवंबर
- सेमेस्टर परीक्षाएं : 11 नवंबर से 12 दिसंबर तक
- शीतकालीन अवकाश : 21 दिसंबर से पांच जनवरी
- सेमेस्टर परीक्षा परिणाम होने की अंतिम तिथि : पांच जनवरी

तीसरा-पांचवां सेमस्टर

- शिक्षण कार्य शुरू होना : 21 जुलाई
- सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूरा होना : 30 अक्टूबर
- प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11 नवंबर से 10 दिसंबर तक
- परिणाम : पांच जनवरी तक

दूसरे-चौथे, छठे, आठवें सेमेस्टर

- पढ़ाई शुरू होना : पांच जनवरी
- शिक्षण कार्य पूरा होना : चार अप्रैल
- सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी होना : 10 अप्रैल
- सेमेस्टर परीक्षाएं : 11 अप्रैल से 10 मई तक
- परिणाम : 15 जून तक
- ग्रीष्मावकाश : एक से 30 जून।

एमटेक के डिजरटेशन के मूल्यांकन के लिए खुला पोर्टल

जासं • लखनऊ : डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने सत्र 2024-25 की एम.टेक, एम.फार्म और एम.आर्क पाठ्यक्रम के रेगुलर व कैरीओवर विद्यार्थियों के डिजरटेशन के मूल्यांकन के लिए आवेदन संबंधी पोर्टल शुक्रवार को खोल दिया है। सभी अर्ह छात्र-छात्राओं का आवेदन संस्थान अपने निदेशक ईआरपी लागिन के माध्यम से 26 जून तक अपलोड कर सकेंगे। उप परीक्षा नियंत्रक डा. आशुतोष द्विवेदी ने इसके विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। सभी सूचनाएं आदि को सही से भरा जाना और थीसिस का एमएस वर्ड फारमेट में अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। उसके बाद छात्र अपनी ईआरपी लागिन से इसका देय शुल्क का भुगतान करेंगे। शुल्क जमा होने के बाद ही आवेदन स्वीकार किया आएगा। ऐसा न होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। कालेजों को निर्देश दिए गए हैं कि थीसिस का प्लेगरिस्म चेक करते समय विशेष ध्यान रखें।

सात व आठ जुलाई को जारी होगी मेरिट

जासं • लखनऊ : लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कालेज ने स्नातक कोर्सों में आनलाइन आवेदन फार्म जमा करने के लिए अंतिम तिथि 30 जून तय की है। यहां मेरिट सूची सात और आठ जुलाई को जारी की जाएगी। प्राचार्य प्रोफेसर एसएन सिंह ने सूचना जारी की। बी.एससी बायो और बी.काम की पहली मेरिट सात जुलाई को जारी होगी। बी.ए और बी.एससी मैथ्स की मेरिट आठ जुलाई को घोषित होगी। बी.काम की काउंसिलिंग नौ जुलाई को सुबह 10 बजे से, बी.एससी बायो की काउंसिलिंग 10 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे, बी.एससी मैथ्स की काउंसिलिंग 10 जुलाई को दोपहर एक से 3:30 बजे तक और बी.ए की काउंसिलिंग 11 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे, दोपहर एक से 3:30 बजे तक होगी।

रोजगार के लिए पलायन से हो रही बुजुर्गों को तकलीफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह। अमृत विचार

- लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में हुई संगोष्ठी

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार निवारण दिवस मनाया गया और इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हेल्पएज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव, सामाजिक कल्याण एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग एल. वेंकटेश्वरलु ने युवाओं एवं वृद्धजनों के बीच पारस्परिक समझ के महत्व को रेखांकित किया।

पूर्व पुलिस महानिदेशक सुलखान सिंह ने वृद्धजनों की बढ़ती समस्याओं के लिए एकल परिवार की संरचना और समाज में बदलते रोजगार पैटर्न को उत्तरदायी ठहराया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए गांव से शहरों और फिर शहरों से अन्य शहरों या देशों की ओर पलायन करते हैं, जिससे वृद्धजन पीछे छूट जाते हैं और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं रहता।

हेल्पएज इंडिया के राज्य प्रमुख अनूप पंत ने अंतरपीढ़ी गतिशीलता और वृद्धावस्था के प्रति दृष्टि